हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 4 मई 2025

4 भगवान परशुराम की निकाली शोभायात्रा





## खबर संक्षेप



### एक ही रात में चार मंदिरों में चोरी

**खरसिया।** शुक्रवार की रात नगर में चोरों द्वारा चार मंदिरों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। जिससे नगर में काफी रोष व्याप्त है। खरसिया हृदय स्थल पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित स्टेशन चौक शिव मंदिर में चोरों द्वारा ताला तोड़कर दान पेटी में रखें रुपए चोरी कर ले गए। वहीं चोरों द्वारा मंदिर की अलमारी को तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन सफल नहीं होने के कारण अलमारी का हैंडल तोड़ दिया गया। वहीं चोरों द्वारा बगल में स्थित गुलाब फल दुकान में घुसकर काफी मात्रा में फल चोरी कर ले गए। इसके अलावा वहीं स्टेशन रोड में पीपल गली में शंकर जी के मंदिर पर धावा बोलकर शंकर जी का शेषनाग एवं नगदी चोरी कर ले गए। इतने में भी पुलिस की रात्रि गश्त नहीं होने के कारण इनका दुस्साहस बढ़ता गया और वो रानी सती मंदिर चंदन ताल में चोरी को अंजाम दिए। जहां माता के चांदी का मुकुट तथा चांदी के बर्तन तथा अन्य सामान एवं नगदी चोरी कर आगे का टारगेट पूरा करने के लिए शनि मंदिर में जोकि चंदन ताल के पास स्थित है चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। तब आसपास के लोगों द्वारा एक नाबालिक लड़के को चोरी करते हुए पकड़ लिया गया। बाकी के चोर फरार हो गए। नाबालिक लड़के को पड़कर थाना लाया गया जहां उसने अपने साथ सम्मिलित अन्य लोगों का भी नाम बताया। जिन्हें पुलिस विभाग द्वारा खोज जारी कर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ सामान जो मंदिरों से चोरी किया गया था बरामद किया गया है।

### 70 पाऊच महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने हरिजनपारा कोड़ातराई में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दबिश देते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद की। थाना प्रभारी प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेशम चौहान नामक व्यक्ति अपने घर के पास अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी कीए जहां संदेही रेशम चौहान को घर पर ही मौजूद पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने शराब बेचने की बात स्वीकार की जिसके बाद उसके कब्जे से 70 नग प्लास्टिक पाउचए प्रत्येक में 100-100 मिलीलीटर भरी हुई महुआ शराब तथा एक 5 लीटर की प्लास्टिक जरकिन में रखी करीब 5 लीटर कच्ची शराब कुल मिलाकर लगभग 12 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त' की गईए जिसकी अनुमानित कीमत 2400 रुपये है। आरोपी रेशम चौहान पिता हेमराम चौहान, उम्र 29 वर्ष, निवासी कोड़ातराई हरिजनपारा के विरुद्ध थाना जुटमिल में आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की गई है।

## सपना साकार करने निगम आ रहा आगे पर रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया में नहीं दे रहा स्थान

# ए ग्रेड रेलवे स्टेशन में दशकों बाद भी लोगों को नहीं मिली प्री-पेड ऑटो बूथ की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ए ग्रेड का दर्जा प्राप्त रायगढ़ रेलवे स्टेशन में दशकों बाद भी लोगों को प्रीपेड ऑटो बूथ की सुविधा नहीं मिल सकी है। जिससे ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं और यात्रियों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इधर लोगों के इस अधूरे सपने को साकार करने के लिए नगर निगम आगे तो आ रहा है, लेकिन रेलवे द्वारा बूथ खोलने के लिए सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान नहीं दिया जा रहा है।

दरअसल शुरुआत से ही रायगढ़ रेलवे स्टेशन में प्रीपेड ऑटो बूथ की सुविधा नहीं है। सालों से यात्रियों द्वारा स्टेशन परिसर में प्रीपेड ऑटो बूथ खोलने की मांग की जाती रही है, लेकिन रेलवे द्वारा कभी इस ओर प्रयास नहीं किया गया है। ए ग्रेड का दर्जा प्राप्त रायगढ़ रेलवे स्टेशन में प्रीपेड ऑटो बूथ नहीं होने से ऑटो चालकों की मनमानी हावी है। स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री जब शहर या आसपास के किसी जगह पर जाने के लिए ऑटो करते हैं तो उनसे मनमाने रुपयों की मांग की जाती है। कोरोना काल के बाद से स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। मजबूरी में यात्री ऑटो चालकों द्वारा मांगे गए रुपए देकर यात्रा करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है जब यात्रियों के पास ऑटो वालों की बात मानने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं रहता है। यात्री सुविधा के लिए अभी तक रेलवे की ओर से इसे शुरू कराने के लिए कोई योजना तैयार नहीं की गई है। ऐसे में नगर निगम द्वारा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रीपेड ऑटो बूथ खोलने के लिए प्रस्ताव बना कर रेलवे प्रशासन को भेजा गया है। जिसमें रेलवे से जगह की मांग की गई है, लेकिन रेलवे द्वारा नगर निगम को स्थान तक नहीं दिया जा रहा है। जिससे स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।



**आटो चालकों के पास न वर्दी ना ही ट्रैफिक सेंस**

ऑटो चालकों पर लगाम नहीं होने से दिनोंदिन उनकी मनमानी बढ़ती जा रही है। कई बार अधिकारियों के निर्देश के बाद भी न तो वो वर्दी पहन रहे हैं और न ही चिन्हांकित स्थानों पर ऑटो को खड़ी कर रहे हैं। सवारी ढोने के लिए अचानक बीच सड़क पर वाहन रोकना इनके आदत में सुमार हो गया है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। इधर कुछ सप्ताह पूर्व ही आरटीओ व ट्रैफिक विभाग के अधिकारी द्वारा ऑटो चालकों को वर्दी बनवाने कहा गया है, इसके बाद भी यूनियन द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### अब तक नहीं बना रेट लिस्ट

आरटीओ व परिवहन विभाग द्वारा अब तक ऑटो चालकों लिए रेट लिस्ट नहीं बनवाया गया है। जिससे ऑटो चालक दूरी के हिसाब से मनमानी राशि वसूल रहे हैं। इस वजह से कई बार चालकों और सवारी के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन में आए दिन ऐसी स्थिति देखने को मिलती है। प्रीपेड ऑटो बूथ से ही इस समस्या का समाधान निकल पाएगा।

रायगढ़ रेलवे स्टेशन में प्रीपेड ऑटो बूथ शुरू करने के लिए प्रस्ताव बना कर रेलवे प्रशासन को भेजा गया है। जिसमें रेलवे से सर्कुलेटिंग एरिया में स्पेश की मांग की गई है, लेकिन रेलवे द्वारा अब तक इसमें कोई रिप्लाई नहीं दिया गया है।
**बृजेश सिंह क्षत्रिय**
निगम कमिश्नर, रायगढ़

प्रीपेड ऑटो बूथ शुरू करने के लिए प्रशासन से निर्देश मिला है। हम इसमें अपना सहमति जताते हुए प्रशासन का साथ देने को तैयार हैं, लेकिन जगह तो प्रशासन को ही देना होगा।
**संजय बाजपेयी**
अध्यक्ष, ऑटो संघ

### स्टेशन में ऑटो स्टैंड ही नहीं

दरअसल वर्तमान में रायगढ़ रेलवे स्टेशन में सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है, जिससे यहां तोड़फोड़ होने से ऑटो स्टैंड ही गायब हो गया है। अस्थायी रूप से ऑटो चालकों को स्टेशन के मुख्य गेट के बाहर जगह दी गई, लेकिन भविष्य में कहां ऑटो स्टैंड होगा रेलवे यह भी तय नहीं कर पा रहा है। इधर जिले में करीब 1600 और शहर में 1100 ऑटो हैं। इसमें से कुछ को छोड़ बाकी सभी के पास परमिट भी नहीं है। इसके बाद भी आरटीओ और ट्रैफिक विभाग द्वारा उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### प्री-पेड बूथ खुलने से यात्रियों को मिलेगा लाभ

यदि प्रीपेड बूथ चालू किया जाता है तो बूथ पर पुलिस हमेशा तैनात रहेगी। जिसके बाद प्रांगण में आपराधिक गतिविधियों पर भी लगाम लगेगी और यात्री भी अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे। इसके अलावा दूरी के अनुसार रुपए लिए जाएंगे, जिससे यात्रियों को तय रेट पर सुविधा मिल सकेगी। रात के समय महिलाओं व बच्चे भी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे।

### ट्रेन से उतरते ही यात्रियों को घेर लेते हैं ऑटो चालक

जैसे ही ट्रेन रायगढ़ पहुंचती है तो ऑटो चालक स्टेशन के भीतर प्लेटफार्म तक पहुंच जाते हैं। वहीं यात्रियों को घेर कर उनके सामानों को भी खींचतान करने लगते हैं। आरपीएफ और जीआरपी के जवान इसे देखते जरूर हैं, लेकिन चालकों को फटकार लगाने के बजाय मूकदर्शक बने रहते हैं।



# लोन दिलाने के नाम पर महिला से 17 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी में लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं के साथ 17 लाख की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी को पत्थलगांव से गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह मामला वर्ष 2021-22 का है। जब आरोपी धनसिंह अगरिया ने फाइनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक व ब्लेस्टर माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की धरमजयगढ़ शाखा से गांव की महिलाओं को लोन दिलाने का झांसा देकर फार्म भरवाया। इसी फार्म के आधार पर सरस्वती यादव समेत अन्य महिलाओं के नाम पर 30-30 हजार रुपये के लोन स्वीकृत कराया। लोन की राशि 60 हजार रुपये में से उसने मात्र 10 हजार रुपये ही लौटाए और शेष रकम स्वयं रख लिया। आरोपी ने शुरुआत में कुछ माह तक प्रति किश्त 1 हजार 840 रुपये जमा भी किया, लेकिन जनवरी 2022 से किश्त भरना बंद कर गांव से फरार हो गया। मामल की जांच में सामने आया कि आरोपी ने केवल सरस्वती यादव ही नहीं, बल्कि गांव की अन्य 23 महिलाओं के नाम पर भी इसी तरह फर्जीवाड़ा कर कुल 17 लाख 16 हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। 26 मार्च 2022 को शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी की पतासाजी के एक मुखबीरों को सक्रिय करने के साथ ही एक टीम को आरोपी की पतासाजी में लगाया गया।

- पत्थलगांव से आरोपी गिरफ्तार, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

इसी बीच धरमजयगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने ससुराल पालीडीह में छिपा हुआ है। आरोपी के बारे में पुख्ता सूचना मिलने के बाद धरमजयगढ़ पुलिस की एक टीम ने पत्थलगांव के ग्राम पालीडीह पहुंची, जहां आरोपी को घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया और थाने ले लाई। जिसके बाद आरोपी धनसिंह अगरिया उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम खलबोरा को पुलिस ने 3 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# अंगूठा लगाकर गरीबों का राशन डकार रहे संचालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में कुछ दुकानों को छोड़कर बाकी सभी दुकानों में संचालकों द्वारा ग्रामीणों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला धरमजयगढ़ के नीचेपारा स्थित दुकान से सामने आ रहा है।

**खास बात**
- राशन चोरी करने से बाज नहीं आ रहे संतोषी स्व सहायता समूह के संचालक

राशन घोटाले मामले में जबसे धरमजयगढ़ एसडीएम धनराज मरकाम और खाद्य अधिकारी मनोज सारथी, इंस्पेक्टर सुधा चौहान ने कार्रवाई करते हुए 2 महिलाओं को जेल भेजा है उसके बाद से ही मानो सभी गांव के लोग अपने-अपने राशन डीलरों द्वारा की जा रही गड़बड़ी को उजागर करने शिकायत कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला धरमजयगढ़ के नीचेपारा स्थित दुकान क्रमांक 411004005 संतोषी स्व सहायता समूह के संचालक का सामने आ रहा है। जानकारी बता दे की उक्त संचालक बजरंग अग्रवाल द्वारा कई ग्रामीणों को ठगी का शिकार बनाया गया है यह हम नहीं बल्कि ग्राम पंचयात मिरिगुड़ा और लक्ष्मीपुर के ग्रामीण कह रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो बजरंग अग्रवाल द्वारा सभी ग्रामीणों से फिंगर तो लिया गया है पर फिंगर लेकर सिर्फ चावल का वितरण किया गया है। वहीं इनके द्वारा फिंगर लेकर उनके हिस्से का चना, शक्कर, नमक का गबन कर लिया गया है।

### लक्ष्मीपुर के ग्रामीणों ने सुनाई आपबीती

जब लक्ष्मीपुर के ग्रामपंचायत जाकर वहा के ग्रामीणों से उनकी समस्या जाननी चाही तब वहा के दर्जनों महिलाओं ने अपना कार्ड लेकर अपनी आपबीती सुनाई। वहा की महिलाएं अप्रैल माह के राशन के लिए नीचेपारा स्थित दुकान बजरंग अग्रवाल के पास राशन लेने पहुंची थी तब बजरंग ने कहा कि चना, शक्कर और नमक नहीं आया है और किसी को भी नहीं दिया गया। जबकी उन सभी महिलाओं के राशन कार्ड की जानकारी ऑनलाइन निकाली गई तब कई लोग ऐसे थे जिनके राशन कार्ड में 4 किलो चना तक चढ़ा दिया गया पर उन्हें दिया नहीं गया। बाकी लोगों के राशन कार्ड में ऑनलाइन शक्कर और चना चढ़ा दिया गया है।

### कैसे हुआ भवरखोल के ग्रामीणों के साथ धोखा

जब ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के भवरखोल गांव के कई मोहल्लो में जाकर ग्रामीणों से उनकी समस्या जाननी चाही तब उन्होंने चावल वितरण का मामला उठाया। जिसमें वहां के ग्रामीणों ने बताया की जनवरी से वो धरमजयगढ़ स्थित दुकान के संचालक बजरंग अग्रवाल के पास राशन लेने जा रहे थे, जिन्हें बजरंग द्वारा किसी ग्रामीण को शक्कर देकर उसका चना और नमक का गबन कर लिया गया। वहीं कई ग्रामीण को चना तो नहीं दिया गया पर जब उसके कार्ड की जानकारी ऑनलाइन चेक की गई तब उसे एक महीने में 10 किलो चना चढ़ा दिया गया।

### ग्रामीण जल्द ही करेंगे कलेक्टर से शिकायत

राशन वितरण मामले में अब ग्रामीणों ने बजरंग अग्रवाल के खिलाफ शिकायत कलेक्टर तक लेकर जाने की बात कही है। उनका कहना है कि धरमजयगढ़ में उन्हें उम्मीद नहीं कि उन्हें न्याय मिलेगा इसीलिए सैकड़ों लोग अपना राशन कार्ड लेकर कलेक्टर से गुहार लगाएंगे।

### करेंगे जांच

आपके माध्यम से मामला मेरे संज्ञान में आया है। मेरे द्वारा जाकर मामले की जांच की जाएगी। अगर हितग्राहियों को राशन दुकान संचालक अंगूठा लगाकर राशन नहीं दिया है तो संचालक के उपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**मनोज सारथी,** खाद्य अधिकारी, धरमजयगढ़

# बदमाशों ने मेलको कंपनी में घुसकर वाहन में की तोड़फोड़

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो आदतन बदमाशों द्वारा मेलको इंडिया कंपनी में घुस कर वाहन में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि दोनों ही आरोपी भाजपा नेताओं का नाम लेकर क्षेत्र के प्लांटों में अक्सर गुंडागर्दी करते हैं। इस बार कंपनी प्रबंधन द्वारा मामले की शिकायत थाने में की गई है। जानकारी के अनुसार मेसर्स मेलको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों के आने जाने के लिए एक स्कार्पियो वाहन की व्यवस्था की गई है। 2 मई को भी उक्त वाहन कंपनी के पार्किंग में खड़ी थी। तभी दोपहर करीब 2 बजे ग्राम भेंगारी के भोज गुप्ता व उसका साथी चेतन पटेल द्वारा जबरन मुख्य गेट में प्रवेश कर गेट पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज कर धक्कामुक्की की गई। वहीं मारपीट की धमकी देते हुए पार्किंग में खड़ी वाहन को पत्थर से मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना के बाद यहां कार्यरत कर्मचारियों में भय व्याप्त है। ऐसे में कंपनी प्रबंधन द्वारा मामले की शिकायत थाने में की गई है। वहीं पुलिस द्वारा भी मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सांसद ने ड्राइवरी से हटाया

बताया जा रहा है कि भोज गुप्ता सांसद राधेश्याम राठिया का ड्राइवर था। आदतन शराबी होने के कारण उसे सांसद ने काम से निकाल दिया। इसके बाद वह क्षेत्र में भाजपा नेताओं का नाम लेकर गुंडागर्दी करते रहता है। थाने में भी उसकी शिकायत पहुंचती रहती है।

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग असिस्टेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय____________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम____________________
पिता/पति____________________ जन्म तिथि____________________
वर्ग अनुज जाति__________अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य__________पत्र व्यवहार का पता____________________
____________________ पिन कोड__________
मो. नं.____________________बाट्सअप नं____________________
पालक का मो. न____________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग____________________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________
हस्ताक्षकर____________________ पालक का हस्ताक्षर____________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**

## 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

# वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बदला मौसम, शाम को चली आंधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से शनिवार की शाम को अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छाने के साथ ही करीब 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने लगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने तेज बारिश होने की भी संभावना व्यक्त की है।

शनिवार की सुबह से शाम करीब 4 बजे तक आसमान खुला था और सूरज की तपीश एक फिर लोगों को झूलसा रही थी। इसी बीच शाम को करीब 5 बजे के बाद एकाएक मौसम में परिवर्तन देखने को मिला और आसमान को काले बादलों ने घेर लिया, इसके साथ ही तेज हवाएं भी चलने लगी। इन हवाएं नमी का एहसास बता रहा था कि जल्द ही तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण पंजाब और उत्तरी राजस्थान के साथ ही पश्चिमी हरियाणा के ऊपर चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में फैला हुआ है। वहीं एक पूर्व पश्चिम दिशा की द्रोणिका उत्तर पूर्व राजस्थान से शुरू होकर उत्तर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड सहित पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है। जिसकी वजह से शनिवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला है। शनिवार की शाम से हुई तेज हवाओं की गति करीब 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा बताई जा रही है।



### तापमान में आई गिरावट

अचानक मौसम के बदलने से तापमान मे भी कमी देखने को मिली रही है। साथ ही नमी युक्त हवाएं चलने के कारण मौसम सुहावना हो गया है। तापमान में करीब 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। दोपहर तक जिले का तापमान करीब 42 डिग्री के करीब था जो शाम होते होते ही 38 डिग्री तक पहुंच गया।

### बिजली आपूर्ति बाधित

इन तेज हवाओं की वजह से शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई है। समाचार लिखे जाने तक करीब करीब पूरे शहर में बिजली आपूर्ति बंद हो चुकी है तो वहीं ग्रामीण इलाकों में भी यही हाल देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि कई जगहों के तार टूट गए हैं, जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है।

## खबर संक्षेप

### महनई के 53 पहाड़ी कोरवा मरीजों का किया गया उपचार



**जशपुरनगर**। बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर लगाकर दुर्गम बसाहट क्षेत्र महनई के पहाड़ी कोरवा परिवार के कुल 53 मरीजों का इलाज किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेटवर्क और नेट की समस्या को देखते हुए शासकीय वाहन से नेट जगह पर लाकर 8 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। विदित हो कि राज्य शासन और जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी का आयुष्मान कार्ड बनाना, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, सभी बच्चों का टीकाकरण एवं योजनाओं का समाज के अंतिम छोर पर बसे ग्रामीणों को लाभान्वित करना है। इसी उददेश्य से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दुर्गम पहाड़ी इलाकों में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लोगों शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। ताकि उनका जीवन स्तर में सुधार आए।

### सीमांकन करने गए पटवारी पर ईंट से हमला

**बलरामपुर**। आंगनबाड़ी भवन के लिए जमीन सीमांकन करने गए पटवारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पटवारी पर ईंट से हमला करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पटवारी ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। बताया जा रहा है कि सुशासन तिहार में ग्राम जतरो के सरपंच ने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन के लिए आवेदन दिया था और इसी आवेदन के निराकरण हेतु पटवारी सुनेश्वर सिंह ग्राम जतरो में भूमि का चिन्हांकन करने गए थे। आरोप है कि जब पटवारी जमीन का सीमांकन करने के बाद पंचनामा तैयार कर रहे थे तो पड़ोस की जमीन के मालिक पिता पुत्र दुबराज सिंह और नन्द सिंह मौके पर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर ईंट से उसपर हमला कर दिया। इसके साथ ही पिता पुत्र ने पटवारी को जान से मारने की धमकी दी। पटवारी ने बताया कि पूर्व में भी जमीन सीमांकन के दौरान उन्होंने विवाद किया था। इस मारपीट में पटवारी को सिर में चोट आई है। पटवारी द्वारा फिलहाल मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### पिता ने लुंगी से गला घोंटकर बेटे को उतारा मौत के घाट

**सीतापुर**। युवक की संदेहास्पद मौके के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के पिता को ही गिरफ्तार किया है। शराब के नशे में धुत बेटे द्वारा किए गए हमले से आक्रोशित पिता ने लुंगी से बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम सूर बखरीपारा निवासी शिवनारायण पैकरा शव 24 अप्रैल की सुबह उसके घर के बरामदे में ही बिस्तर पर मिला था। युवक शराब पीने का आदि था और रात को किसी शादी में गया हुआ था अगली सुबह उसका शव संदिग्ध हालत में मिला था। इस मामले में मृतक के भाई शिवशंकर पैकरा ने पुलिस को सूचना दी थी। शिव शंकर पैकरा ने पुलिस को बताया कि मृतक शिवनारायण पैकरा 23 अप्रैल को शादी कार्यक्रम में ग्राम करियासूर गया हुआ हुआ था। रात डेढ़ बजे दो कुत्तों के भौकने की आवाज सुनकर परिवार के लोग समझे कि शिवनारायण घर में आकर सो गया है। उसे घर में आकर सोते हुए किसी ने देखा नहीं था। अगली सुबह शिव नारायण का दोस्त उसे उठाने आया तो देखा कि उसकी मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा गया था। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत गला घोटने से होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान संदेह के आधार पर मृतक के पिता राजेन्द्र पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 23 अप्रैल की रात शादी कार्यक्रम से लौटने के बाद शिव नारायण घर आकर अपनी मां, बहन और पिता से झगड़ा कर रहा था।

### वन विभाग की चेतावनी को किया था नजरअंदाज

# जंगल में बुजुर्ग की हाथी के हमले से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के तपकरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत भेलवां कोचनीडीह जंगल में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया।

- जंगल में अकेले रहता था सीबन राम

जंगल में स्थित अपने कच्चे घर में अकेले रह रहे 76 वर्षीय बुजुर्ग सीबन राम की हाथी के हमले में मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वे जंगल से बाहर निकलकर अपने दूसरे घर जोरण्झरिया की ओर जा रहे थे।

#### हाथी ने दौड़ाकर किया हमला

रात लगभग 10 बजे के आसपास जंगल में हाथियों की आहट सुनने के बाद जब सीबन राम अपने घर से निकलकर जोरण्झरिया की ओर रवाना हुए, तभी अचानक हाथी ने उन्हें दौड़ाकर हमला कर दिया। बुजुर्ग भाग नहीं सके और हाथी ने उन्हें कुचल दिया।



मौके पर बुजुर्ग का शव।



मृतक के परिजनों को सहायता राशि सौंपते वन अमला।

#### वन विभाग ने दी थी चेतावनी, नहीं मानी बुजुर्ग ने बात

वन विभाग ने क्षेत्र में हाथियों की आमद को देखते हुए मुनादी कराई थी। विभाग के कर्मचारियों ने खुद मौके पर जाकर सीबन राम को घर खाली करने की सलाह दी थी। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है और कभी भी गंभीर घटना हो सकती है।इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए सीबन राम की पत्नी सुकांति बाई तो जोरण्झरिया स्थित घर लौट गई थीं। लेकिन सीबन राम ने जंगल में ही रुकने का निर्णय लिया।

#### स्थानीय प्रशासन व वन विभाग मौके पर पहुंचा

घटना की जानकारी मिलते ही रविवार सुबह वन विभाग के अधिकारी और तुमला थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रु प्रदान किए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार आगे नियमानुसार पूर्ण मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## वन परिक्षेत्र में पहुंचा 40 हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 40 हाथियों का दल पहुंच जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दल में नर एवं मादा हाथी सहित शावक हाथी हैं। हाथियों के दल के गांव के समीप नदी किनारे पहुंच जाने से ग्रामीण भयभीत है। हाथियों का दल करंजवार, सरहरी, घरहरि, खुरमा सीमावर्ती क्षेत्र के जंगलों में देखा गया है तथा हाथी पानी के लिए जंगल से निकल कर नदियों की तरफ पहुंचे है।

इस भीषण गर्मी में जहां पानी की तलाश में हिरण कोटरा सहित अन्य छोटे जानवर जंगल से निकल बस्ती की ओर पहुंच जाते है। जंगल से छोटे जानवरों के बस्ती की ओर आने की घटना आम बात है लेकिन अब हाथियों का दल भी पानी की तलाश में जंगल से निकल गांव की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। आज तड़के एक दो नहीं बल्कि 40 हाथियों का समूह जंगल से निकल पानी की तलाश में नदी के समीप पहुंच गए। एक साथ बड़ी संख्या में हाथियों के दल के पहुंचने से ग्रामीण भयभीत हो



गए। इसी बीच कई ग्रामीणों ने इसकी वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं। ऐसे में वन विभाग के कई दावा फेल होते दिखाई दे रहा है। वन्य प्राणियों का देख-देख सिर्फ कागजों पर अधिकारियों के लिए चारागाह बना हुआ है। फिलहाल वन जीवो पर इसका बुरा असर पड़ रहा है जहां पानी के लिए हाथी अब ग्रामीण क्षेत्र के करीब पहुंचने लगे है। ग्रामीणों का कहना है कि जब वन विभाग की टीम दो-तीन हाथियों को खदेड़ने में असफल हो जाता है तो 40 हाथियों के दल को किस तरह से आसपास के गांव से कैसे दूर भगाएगा यह समझ से परे है। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी उत्तम मिश्रा ने बताया कि बड़ी संख्या में हाथियों का दल प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से महज तीन किलोमीटर दूर जंगल में डटे हुए हैं।

### कलेक्टर ने समाधान शिविरों के प्रचार प्रसार की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले लाभ

# सुशासन तिहार में 90 हजार आवेदनों का निराकरण

**जशपुरनगर**। कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट समाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर जिले में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की प्रगति की बारे जानकारी दी। साथ ही अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में आप सभी सहभागी बने, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार भी मौजूद थे।

- तीसरे चरण में मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री व मंत्री होंगे शामिल

कलेक्टर ने पत्रकारो को बताया की छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में ₹सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाटबाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। जशपुर जिले में कुल 126684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें कुल मांग 125428 एवं कुल शिकायत 1256 के आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभी तक 89352 मांग एवं 449 शिकायत निराकृत हुए हैं। कुल 89801 आवेदन निराकृत हुए हैं। दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। काफी मांगें प्रधानमंत्री आवास योजना व उज्जवला योजना से सम्बन्धित हैं, जिनके बारे में राज्य सरकार भारत सरकार से अतिरिक्त लक्ष्य के लिए आग्रह कर रही है। इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त होने पर आवेदकों की मांगें पात्रतानुसार निराकरण हो जायेगी। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 05 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 52 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, शिविरों की तारीख स्थानवार पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।. इस जिले में शिविर आयोजन के सुबह श्रमदान, खेल प्रतियोगिता एवं योग प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। इसमें जिला स्तरीय अधिकारी सम्मिलित होगें एवं ग्रामवासियों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी। तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे।. मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय अपने प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे।



पत्रवार्ता लेते कलेक्टर रोहित व्यास।

#### कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में शासन के निर्देशानुसार स्कूलों के समायोजन प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्ण कराने के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार समायोजन के लिए विद्यालयों की सूची निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस समायोजन प्रक्रिया के संबंध में जिले के कर्मचारी संघों एवं शिक्षक संघों को भी जानकारी दी जाए। उन्होंने इस प्रक्रिया में वरिष्ठता सूची निर्माण में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना करने के निर्देश दिए। यदि कोई त्रुटि होती है तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर ने बताया कि यह प्रक्रिया शिक्षण प्रक्रिया में क्षमता वृद्धि हेतु की जा रही है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराया जा सके। इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। इसके लिए विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर दल का निर्माण किया जाएगा। जिला स्तरीय दल में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी भी शामिल होंगे। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित सभी एसडीएम, बीईओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सभी एसडीएम ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने शासकीय रोपणी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार द्वारा शुक्रवार को उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान रोपणियों का निरीक्षण करने के साथ उन्नतशील कृषकों से मुलाकात कर उनके प्रक्षेत्र का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने कुनकुरी स्थित सलियाटोली उद्यान रोपणी में पौध उत्पादन का निरीक्षण किया। रोपणियों में अच्छे कार्य संचालन के लिये अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश किये गये।

उन्होंने कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम गिनाबहार निवासी प्रगतिशील किसान बर्थोलोमियुस तिग्गा के प्रक्षेत्र का भी अवलोकन किया। जहां लगभग 4 एकड़ में रोपित आम एवं लीची बाड़ी का भ्रमण करते हुए उन्होंने कृषक से आय सहित विभागीय योजनाओं द्वारा लाभ की जानकारी ली और लगे हुए आम लीची के पौधों में ट्रेनिंग पुनिंग करने के निर्देश दिए साथ ही किसान को बगीचे के बीच में खाली स्थान में हल्दी एवं अदरक की खेती करने की सलाह दी। इसके साथ ही रेशम विभाग के द्वारा संचालित कोसा कल्चर की ग्राम तम्बाकछार स्थित नर्सरी का निरीक्षण भी किया। जहां 40 हेक्टेयर में फैले अर्जुन के वृक्षों का अवलोकन किया। उनके रखरखाव हेतु संबंधित कृषकों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान बगीचा विकासखण्ड के भितघरा के प्रगतिशील किसान मनोज कुजूर के बाड़ी का भ्रमण किया।



शासकीय रोपणी का निरीक्षण करते सीईओ।

### भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर

**अम्बिकापुर**। शादी में शामिल होने जा रहे ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर क्षेत्र के ग्राम बकोई निवासी लाल साय आज तड़के पैदल पास के गांव में परिचित के यहां शादी में शामिल होने जंगल के रास्ते जा रहा था। जैसे ही ही ग्राम बकोई जंगल में पहुंचा तभी झाड़ियो से एक भालू निकल ग्रामीण पर हमला कर दिया। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह भालू को भगाया और घटना की जानकारी घायल के परिजन को दी। परिजन घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

### दामाद का अपहरण करने के बाद कमरे में बंद कर मारपीट

**बलरामपुर**। दामाद का अपहरण कर जबरन कमरे में बंदकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक की पत्नी, ससुर समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम चन्द्रनगर निवासी 25 वर्षीय सरवर आलम आ. सरीफ अंसारी वाहन चालक का काम करता है। 30 अप्रैल को सरवर आलम जोगाराम बरियों से हाइवा ट्रक में गिट्टी लोड़कर तातापानी की ओर जा रहा था। एनएच 343 पर लुरगुट्टा जंगल के पास हाइवा ट्रक खराब होने के कारण वह वाहन का मरम्मत करा रहा था। सरवर आलम के साथ वाहान में गांव का इन्ताफ एवं दिलशाद भी मौजूद थे। इसी बीच दोपहर 1.30 बजे सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन से उसका ससुर मुमताज अंसारी, पत्नी रुकसाना खातून व गांव का मंजूर आलम, अहमद अंसारी, करीम अंसारी, बेलाल अंसारी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और पत्नी को अपने पास क्यों नहीं रखते हो कहते हुए चालक को जबरन हाइवा से उतारकर स्कॉर्पियो में बैठा लिया और रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेवतीपुर ले गए। इस दौरान एक कमरे में बंद कर सभी ने उसके साथ मारपीट की। मामले की शिकायत के बाद एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे।

- ससुर, पत्नी समेत छह आरोपी गिरफ्तार



### एनएच 43 पर ग्राम बिशुनपुर में हुई घटना, क्षेत्र में पसरा मातम

# कार व बाइक के बीच भिड़ंत, दंपती समेत दो माह के मासूम की मौत

**सीतापुर**। शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बिशुनपुर चौक के समीप कार और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में दम्पति समेत दो माह के मासूम की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार महिला और उसका बच्चा सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि टक्कर के बाद तेज रफ्तार अर्टिगा कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर के दीवार से जा टकराई।

**खास बातें**

- बेलगाम रफ्तार के कारण हुई घटना
- टक्कर के बाद दूर जा गिरे मां-बेटे, बाइक को टक्कर मारते हुए दिवार से टकराई कार

टक्कर से वाहन सवार दो युवक और तीन छात्राएं घायल हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। अब तक की जांच में ओवरटेक करने के कारण टक्कर होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम पेटला दमगड़ा निवासी 42 वर्षीय सुनील लकड़ा आ. रिझन लकड़ा अपनी पत्नी असमिता लकड़ा एवं निमोनिया से बीमार दो माह के बच्चे के साथ घरेलू इलाज कराने ग्राम विशुनपुर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही सुबह 8 बजे बाइक चालक सुनील बिशुनपुर चौक के पास पहुंचा उसने आगे चल रहे एक ट्रक को ओवरटेक किया। ट्रक को ओवरटेक करने के साथ ही उनके सामने एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 15 इसी 0892 आ गई। इससे पहले कार और बाइक चालक संभल पाते दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। अचानक सामने आए बाइक को देखकर कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और बाइक को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे स्थित घर की दीवार से जा भिड़ा। आमने सामने हुई जोरदार टक्कर के बाद बाइक सवार पति पत्नी समेत दो माह के मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।टक्कर इतना जबरदस्त थी कि मासूम बच्चे समेत पति पत्नी उछलकर अलग अलग दिशा में काफी दूर जा गिरी।

इस घटना में कार चालक सुनील समेत सभी को मामूली चोट लगी है।टक्कर के दौरान कार का एयरबैग खुल जाने के कारण कार चालक समेत सामने बैठे सदस्य की जान बच गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने माहौल को नियंत्रित करते हुए मृतकों एवं घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए बीएनएस की 106(1)के तहत अपराध दर्ज करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतकों का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### युवक पर जानलेवा हमला कर फेंका सड़क किनारे, दो गिरफ्तार

**राजपुर**। युवक के साथ मारपीट करने के साथ ही मारकर गंभीर हालत में फेंकने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम लाऊ निवासी 55 वर्षीय विगन यादव आ. स्व. रामवरत यादव ने थाने में आकर सूचना दी थी कि 10 फरवरी की शाम 6 बजे उमेश यादव घर से निकला था लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा। 11 फरवरी को सूचना मिली कि ग्राम भदार में उमेश यादव को लोगों ने मारकर फेंक दिया है। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो उमेश की सांस चल रही थी लेकिन वह बेहोश था। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में एसपी वैभव बैंकर द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दिनेश यादव और ओमप्रकाश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने ग्राम लाऊ घुटरापारा निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश यादव उर्फ जीतू आ. बासदेव यादव व 32 वर्षीय दिनेश यादव आ. रतन यादव को बीएनएस की धारा 117(2), 109, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, लखेश्वर पैकरा, अमृत सिंह, नरेश तिर्की, सुनील तिर्की तथा सैनिक संजय यादव सक्रिय रहे।



3-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/3/2025 7:26 PM Page 1





## वेव्स समिट 2025

# हॉलीवुड नहीं जाएंगी करीना बोलीं- 'भटिंडा की सिखनी हूं'

एजेंसी ▶▶| मुंबई


बॉलीवुड में कई स्टार्स हैं जिन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया है। तो वहीं कई ऐसे भी हैं जो हॉलीवुड में काम करने की इच्छा जता चुके हैं। हालांकि, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर का ऐसा कहना है कि वो बॉलीवुड में काम करके खुश हैं और उन्हें हिंदी गानों पर डांस करने में बहुत मजा आता है। करीना कपूर ने ये बातें मुंबई में चल रहे वेव्स समिट 2025 में हिस्सी लेने के दौरान कहीं। चार दिवसीय वेव्स समिट के दूसरे दिन अभिनेत्री करीना कपूर भी इस इवेंट का हिस्सा बनीं और उन्होंने कई मुद्दों पर बात करते हुए अपनी राय रखी।

अभिनेत्री के साथ करण जौहर ने चर्चा की, जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। इस दौरान करण जौहर ने करीना कपूर को 'कॉफी विद करण'में उनके द्वारा बॉलीवुड कलाकारों के हॉलीवुड में काम करने पर दिए गए बयान को दोहराया और उससे जुड़ा सवाल किया। करीना ने शो में कहा था कि 'सब बस पकड़-पकड़ के हॉलीवुड जा रहे हैं।' उनके इस बयान को याद दिलाते हुए करण ने वेव्स में करीना से हॉलीवुड की योजनाओं के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए करीना ने कहा, "मैं तो यहीं पे हूं। मैं अपनी भारतीय फिल्मों और अभिनय से बहुत खुश हूं। बड़ा मजा आता है हमारे हिंदी फिल्मी गानों पर डांस करने में। बड़ा मजा आता है हिंदी डायलॉग बोलने में। भटिंडा की सिखनी हूं भाई।"

### हर लड़की को बोलना चाहिए 'मैं अपनी फेवरेट हूं'

*आगे करण जौहर ने करीना के 'जब वी मेट'के मशहूर डायलॉग 'मैं अपनी फेवरेट हूं'को लेकर बात की। जिस पर करीना ने कहा, 'यह लाइन हर महिला को खुद से प्यार करने की याद दिलाती है। ये लाइन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि हर लड़की, हर महिला को हमेशा यह लाइन बोलनी चाहिए कि मैं अपनी फेवरेट हूं बॉस। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी बात है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार पिछले साल दीपावली पर आई रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। करीना अब अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं।*

## हमें और अधिक थिएटर्स खोलने की जरूरत



मुंबई। अभिनेता आमिर खान का मानना है कि भारत को और अधिक थिएटरों में इन्वेस्ट करने की बहुत जरूरत है। वेव्स समिट समिट 2025 के दूसरे दिन 'स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिंग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप'विषय पर बोलते हुए आमिर खान ने यह बात कही। साथ ही अभिनेता ने कहा कि भारत एक फिल्म प्रेमी देश है, लेकिन इसके अधिकांश लोगों की सिनेमा तक पहुंच नहीं है। वेव्स समिट के दूसरे दिन बोलते हुए आमिर खान ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें भारत में और अधिक विभिन्न प्रकार के थिएटर की जरूरत है। देश में ऐसे जिले और कई बड़े क्षेत्र हैं, जहां एक भी थिएटर नहीं है। मुझे लगता है कि बीते दशकों में हमने जो भी परेशानियां झेली हैं, वे अधिक स्क्रीन होने के बारे में हैं। मेरा मानना है कि हमें इसी में इन्वेस्ट करना चाहिए। भारत में बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं, लेकिन यह तभी पूरी हो सकती हैं, जब आपके पास देश भर में अधिक स्क्रीन हों। अगर ऐसा नहीं है, तो लोग फिल्में नहीं देखेंगे।'

### अमेरिका और चीन से हैं पीछे

आगे आंकड़ों पर बात करते हुए एक्टर ने कहा, "सिनेमा स्क्रीन की संख्या के मामले में भारत अमेरिका और चीन से बहुत पीछे है। देश की क्षमता और यहां रहने वाले लोगों की संख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत कम थिएटर हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास लगभग 10,000 स्क्रीन हैं। अमेरिका में जिसकी आबादी भारत की एक तिहाई है, उनके पास 40,000 स्क्रीन हैं। इसलिए वे हमसे बहुत आगे हैं। जबकि चीन में 90,000 स्क्रीन हैं।

## वेव्स इवेंट से फिल्म इंडस्ट्री को होगा फायदा

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे इन दिनों वेव्स समिट में पहुंच रहे हैं। साउथ एक्टर कार्ति भी इस इवेंट में शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए कार्ति ने वेव्स समिट कराने को लेकर सरकार की तारीफ की। एक्टर का मानना है कि इस समिट से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा होगा। सिनेमा को एक इंडस्ट्री का दर्जा हासिल होगा, जिससे एक्टर्स, डिस्ट्रिब्यूटर को मदद मिलेगी। कार्ति कहते हैं, 'एक मंच पर क्रिएटर, एक्टर्स को लाना अच्छी पहल है। मुझे उम्मीद है कि ये इवेंट हर साल जारी रहेगा। इससे फिल्म, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा, बढ़ावा मिलेगा। एक बार जब सरकार सिनेमा को इंडस्ट्री का दर्जा देगी तो मुझे उम्मीद है कि सिनेमाघरों के लिए टैक्स पॉलिसी, परमिशन पॉलिसी बनाई जाएंगी, यह काम फिर काफी आसान हो जाएगा।'



### नागार्जुन ने पहल को सराहा

कार्ति के अलावा वेव्स समिट में साउथ एक्टर नागार्जुन भी पहुंचे थे। एएनआई से ही की गई बातचीत में नागार्जुन कहते हैं, 'मुझे इस समिट का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह इवेंटर फिल्म-मीडिया इंडस्ट्री के लिए भारत सरकार की एक बेहतरीन पहल है।'

### सिंगर बादशाह ने बड़ा कदम बताया

सिंगर-रैपर बादशाह ने भी वेव्स समिट को लेकर कहा, 'मुझे यकीन है कि यह पीएम मोदी की प्राथमिकताओं में से एक है। मैं इसमें लोगों की दिलचस्पी देख सकता हूं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में बॉलीवुड के अलावा भारत को एक सॉफ्ट पावर की तरफ एक बड़ा कदम है।'

## श्रद्धा ने एडम मोसेरी का मुंह कराया मीठा, खिलाई घर पर बनी पूरन पोली



मुंबई। 'वेव्स 2025' का आगाज 1 मई को हो गया है। इस समिट में सिनेमा की दुनिया की कई दिग्गज हस्तियां शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन आमिर खान और करीना कपूर खान के बाद, श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी के साथ बातचीत की। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने मोसेरी के साथ जेन जेड कंटेंट का उपभोग कैसे करते हैं विषय पर चर्चा की। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने एडम मोसेरी का स्वागत पूरन पोली खिलाकर किया। सत्र शुरू होने से पहले अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी का स्वागत किया। अभिनेत्री उनके लिए घर का बना पूरन पोली लेकर आईं। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि आप फैंसी जगहों पर खाना खा रहे हैं और आपने भारतीय भोजन का स्वाद चखा है। मैं चाहती हूं कि आप यह महाराष्ट्रीयन मिठाई आजमाएं जिसे पूरन पोली कहा जाता है। यह मेरे घर पर बनी है।'इसके बाद एडम मोसेरी ने इसका लुत्फ उठाया।

### रणवीर दीपिका के साथ किया डिनर


इससे पहले एडम मोसेरी ने बॉलीवुड के पॉवर कपल कहे जाने वाले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ बुधवार की शाम डिनर किया था। वह रणवीर-दीपिका के साथ मुंबई के एक रेस्तरां में एक साथ नजर आए थे। मोसेरी ने इंस्टाग्राम पर डिनर आउटिंग की एक सेल्फी भी शेयर की थी। तस्वीर को कैप्शन देते हुए मोसेरी ने लिखा था, 'मुझे आज शाम बॉम्बे में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जैसे पावर कपल से मिलने का मौका मिला साथ ही कुछ बेहतरीन खाने का मजा लिया।'

## लाइका ग्रुप और महावीर जैन फिल्म्स ने किया बड़ा ऐलान, वैश्विक स्तर की बनाएंगे नौ फिल्में



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेव्स 2025' के विजन से प्रेरित होकर लाइका ग्रुप (यूके-यूरोप) और महावीर जैन फिल्म्स ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों ने मिलकर अगले दो-तीन साल में नौ ऐसी फिल्में बनाने का ऐलान किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और कहानियों को दुनिया तक पहुंचाएंगी। यह साझेदारी 'वेव्स' समिट की पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण का केंद्र बनाना है। लाइका प्रोडक्शंस को रजनीकांत की 'रोबोट 2.0' और मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेल्वन' फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है। अब यह प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर नई कहानियां गढ़ेगा। महावीर जैन फिल्म्स ने 'ऊंचाई' जैसी फिल्म के साथ अपनी पहचान बनाई है। यह अब कार्तिक आर्यन की 'नागजिला', विक्रांत मैसी अभिनीत श्री श्री रविशंकर की बायोपिक, इम्तियाज अली के साथ दोस्ती पर आधारित फिल्म और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद की बायोपिक जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। 'वेव्स' समिट में लाइका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अल्लिराजा सुबास्करन और महावीर जैन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## टीवी मसाला



## एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' में दिखाई गंदगी

मुंबई। ओटीटी पर दिखाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर अक्सर विवाद होता है और सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। अब ऐसे ही एक अश्लील कंटेंट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' का एक अश्लील सीन वाला क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके खिलाफ यूजर्स समेत प्रियंका चतुर्वेदी ने भी आवाज उठाई है। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को संसदीय स्थायी समिति के समक्ष उठाया है और जवाब का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने स्थायी समिति में यह मुद्दा उठाया है कि उल्लू ऐप और ऑल्ट बालाजी जैसे ऐप अश्लील सामग्री के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से बच निकलने में कामयाब रहे हैं। मैं अभी भी उनके जवाब का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा कि 14 मार्च, 2024 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया था, जो अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट स्ट्रीम करते पाए गए थे। सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए एप मुख्य रूप से अश्लील सामग्री वितरित करने वाले प्लेटफॉर्म थे।

### आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर अभिनेत्री ने पैपराजी को लताड़ा

मुंबई। मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली को हाल ही में मुंबई की सड़कों पर वॉर्डरोब मालफंक्शन का सामना करना पड़ा। इसके बाद अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा शेयर कर दिया गया।



इसकी आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहने वाले ट्रोल्स को करारा जवाब भी दिया है। उनका साथ 'पुष्पा 2' फेम अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया। आंचल ने वीडियो शेयर करने के लिए एडमिन की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया। अभिनेत्री हुनर हाली ने बताया कि वीडियो उनकी सहमति के बिना शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'यह एक मानवीय चीज है, डेली लाइफ में होने वाली घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति। मेरी सहमति के बिना इस तरह के वीडियो को कैप्चर करना और अपलोड करना, सनसनीखेज बनाने के लिए इसका फायदा उठाना और मेरे शरीर पर अनुचित तरीके से ध्यान केंद्रित करना पैपराजी का व्यक्तिगत निर्णय था।' अभिनेत्री ने कहा, एक अजीब सी गलती थी।

## 'रेड 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा द भूतनी से आगे निकली थंडरबोल्ट्स

मुंबई। गुरुवार 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। यह फिल्म अजय देवगन की साल 2018 में आई 'रेड'की सीक्वल है। 'रेड 2' ने पहले दिन अच्छा-खासा कलेक्शन किया है। इसके साथ ही संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' भी रिलीज हुई, लेकिन फिल्म ने पहले दिन ही निराश कर दिया। कमाई के मामले में यह लाखों के आंकड़े में ही रह गई। 'द भूतनी'से बेहतर एमसीयू की 'थंडरबोल्ट्स'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। दूसरी ओर 'केसरी 2' ने भी अपने पांव जमाए रखे हैं।



*रेड 2 : अजय देवगन ने 'रेड 2' से दमदार वापसी की है। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। इस साल की शुरुआत में अजय देवगन 'आजाद'में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी। इस फिल्म से उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू भी किया है। गुरुवार को 'रेड 2' ने बॉक्स ऑफिस से 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।*

**द भूतनी:** अजय देवगन की 'रेड 2' का सामना करने के लिए संजय दत्त की 'द भूतनी' सिनेमाघरों में उतरी थी, लेकिन यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। बावजूद इसके फिल्म की कमाई का आंकड़ा लाखों में ही रहा। ओपनिंग डे पर फिल्म ने महज 65 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

### थंडरबोल्ट्स

एमसीयू की हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स'ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

### केसरी 2

इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पांव जमा रखे हैं। फिल्म की कमाई में गिरावट तो आई है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नई फिल्मों के आने से उस पर कुछ खास असर पड़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। फिल्म ने गुरुवार को 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 74.75 करोड़ रुपए हो गई है।


## 44 की उम्र में कपूर खानदान की बेटी की बॉलीवुड में एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड में एक और स्टारकिड की एंट्री होने जा रही है। वो भी बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्मी घराने से। जी हां, सही सुना आपने कपूर खानदान से अब एक और इंसान फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर के बाद कपूर खानदान से पहली बार कोई एक्ट्रेस के तौर पर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहा है। ऋषि कपूर और और नीतू कपूर की बेटी और रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा साहनी अपने ओटीटी डेब्यू के बाद अब फिल्मों में एंट्री करने जा रही हैं।



इसका खुलासा खुद रिद्धिमा ने किया है। रिद्धिमा कपूर ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया और अपने फिल्मी डेब्यू के बारे में जानकारी दी। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी न देते हुए रिद्धिमा ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग जून तक पहाड़ों पर होगी। मैं और पूरी फैमिली इसके लिए काफी उत्साहित है। मैं शूटिंग के दौरान मां के साथ रही और हमने रिहर्सल भी किया। गर्मियों की छुट्टी में मेरी बेटी समायरा भी मुझसे मिलने आएगी। मैं स्क्रिप्ट की फोटोज फैमिली में भेजती रही और फिर मुझे सजेशन और सपोर्ट मिलता रहा।' रिद्धिमा ने आगे फिल्मी डेब्यू के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने इसकी योजना नहीं बनाई थी। जब मुझसे संपर्क किया गया, तो मैंने बस हां कह दिया।

## सस्पेंस और रहस्य से भरी 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर जारी



मुंबई। अमित साध और जिम सरभ जैसे शानदार अभिनेताओं से सजी फिल्म 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह ट्रेलर सस्पेंस, ड्रामा और रहस्य से भरी एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जो दोस्ती के अटूट बंधन को केंद्र में रखती है। यह फिल्म 16 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक समीक्षकों द्वारा सराहे गए नाटक पर आधारित है और इसे ड्रॉप डी फिल्म्स व टेन ईयर्स यंगर प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर की शुरुआत दोस्तों की हंसी-मजाक से होती है, लेकिन जल्द ही माहौल गंभीर हो जाता है। सवाल उठता है- क्या ये दोस्त सच का साथ देंगे या रहस्य को दफन कर देंगे? 'पुणे हाईवे' की कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका एक सामान्य सा वीकेंड ट्रिप तब भयावह हो जाता है, जब उन्हें एक लाश मिलती है। यह घटना उनकी जिंदगी को उथल-पुथल कर देती है और उन्हें एक मर्डर मिस्ट्री के भंवर में खींच लेती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे यह तीनों दोस्त डर, अपराध करने के बोझ और नैतिकता पर जीत पानी की कोशिश करते हैं। उनकी दोस्ती उनके बीच उनकी वफादारी की परीक्षा लेती है।

## दिलीप-नरगिस के साथ किया डेब्यू, फिर बैक टू-बैक दी 6 सुपरहिट फिल्में

# पिता से मिली घड़ी 50 रुपए में बेच मुंबई पहुंचा था ये एक्टर

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के जुबली कुमार कहे जाने वाले एक्टर राजेंद्र कुमार एक बेहतरीन एक्टर रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में मुकाम बनाया था। तकरीबन 7 साल तक फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ने के बाद उन्हें एक हिट फिल्म मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा की तमाम बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस संग काम किया था। राजेंद्र कुमार ने एक्टिंग के साथ-साथ फिल्म निर्देशन में भी हाथ आजमाया और हिट फिल्में दीं। एक दौर था, जब राजेंद्र कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हफ्ते-हफ्ते तक छाई रहती थी। इसी के चलते उन्हें जुबली कुमार का नाम मिला था। वहीं, एक दौर ऐसा भी था जब वह महज 50 रुपये लेकर मायानगरी मुंबई पहुंचे थे।



### मदर इंडिया के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा

*राजेंद्र कुमार ने पिता से मिली घड़ी को 50 रुपए में बेचकर मुंबई का टिकट कटवा लिया था। गीतकार राजेंद्र कृष्ण की मदद से 150 रुपए महीने सैलरी पर उन्हें डायरेक्टर एचएस रवैल संग बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम मिल गया। 1950 में उन्हें ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार की फिल्म में एक रोल मिला। इसके बाद 1950 से 1957 तक उन्होंने खूब संघर्ष किया और साल 1957 में फिल्म मदर इंडिया में उन्हें नरगिस के बेटे के रोल में देखा गया और फिल्म हिंदी सिनेमा में इतिहास बन गई। इसके बाद एक्टर ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### सोने के लिए किराए पर लिया करते थे खाट

फिल्म मदर इंडिया में राजेंद्र कुमार का काम पसंद किया गया और फिर उन्हें फिल्में मिलने लगी। उनकी 6 फिल्मों ने बैक-टू-बैक बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया था। एक्टर की कई फिल्में सिनेमाघरों से हटती तक नहीं थी। बता दें, मुंबई में एक एक्टर ने एक वक्त ऐसा भी देखा था जब वह सोने के लिए किराए पर खाट लिया करते थे। वह मुंबई आने के बाद बॉम्बे गेस्ट हाउस में ठहरे थे, जहां कभी धर्मेंद्र और राजकुमार ने शरण ली थी. एक्टर की हिट फिल्मों में मदर इंडिया के अलावा मेरे महबूब, संगम, आई मिलन की बेला, आरजू, सूरज, गीत, गंवार, आप आए बहार आई और ललकार शामिल हैं। एक्टर को आखिरी बार साल 1993 में आई फिल्म फूल में देखा गया था।

## खबर संक्षेप



### आदर्श ग्राम्य भारती की वार्षिक आमसभा

**तमनार।** आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी माध्यम व एजीबी कान्वेन्ट अंग्रेजी माध्यम का वार्षिक आम सभा का आयोजन 2 मई को जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी के मुख्य आतिथ्य, संस्कार पब्लिक स्कूल के मोटिवेटर रामचन्द्र शर्मा केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर अतिथियी का स्वागत किया गया। ग्राम्य भारती शिक्षण एवं शोध संस्थान तमनार का वार्षिक आम सभा मे संचालक लक्ष्मीनारायण चौधरी द्वारा ग्राम्य भारती विद्यालय की स्थापना वर्ष 1990 से अब तक विभिन्न गतिविधियों उपलब्धियों को विस्तृत रूप में बताते तमनार में कृषि विश्वविद्यालय स्थापना की परिकल्पना को बताया गया। वित्त सचिव दिनेश चौधरी ने ग्राम्य भारती की वार्षिक आय व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मोटिवेटर रामचन्द्र शर्मा ने कहा कि जीवन मे बड़ा सोंचे तभी आगें बढ़ेंगे। अपने कार्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करें जिससे अपने लाभ के साथ समाज को लाभ मिले। बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाये। गांव में 10 वीं 12 वीं के बाद कैरियर मार्गदर्शन अवश्य दें। ग्राम्य भारती विद्यालय का आम सभा मे वार्षिक आय व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत करना गौरव की बात है। तमनार में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने तमनार क्षेत्र में पॉवर प्लांट कोयला खदान होने के बावजूद क्षेत्र का विकास नही होने पर चिंता जाहिर करते कहाकि जनप्रतिनिधियों लोगो को एकजुट होकर क्षेत्र में शिक्षा खेल स्वास्थ्य रोजगार सहित सर्वागीण विकास हेतु प्रयास करना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी, रमेश बेहरा, अश्वनी पटनायक ने ग्राम्य भारती परिवार द्वारा क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिये प्रशंसा की गई। केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता द्वारा आभार व्यक्त कर समापन घोषणा किया गया। आमसभा में जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी, रमेश बेहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल मोटिवेटर राम चंद्र शर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता अश्विनी पटनायक, जनपद अध्यक्ष जागेश सिंह, जनपद उपाध्यक्ष गायत्री शत्रुघन बेहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोज बेहरा अन्य शिक्षक एवं पालकगणो की उपस्थिति रही।

### मारवाड़ी युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन



**खरसिया।** नगर की सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभाने वाली मारवाड़ी युवा मंच खरसिया शाखा के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष इस बार भी सर्वसम्मति बने। जिसमें अध्यक्ष शुभम गर्ग शीतला नगर, सचिव शुभम अग्रवाल वकील व कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल बने। शुभम ने बताया कि जल्द ही बची हुई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। मंच के संरक्षक गिरधर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य व सुशील डिम्पल की अध्यक्षता में रेलवे फाटक के बगल में पानी प्याऊ का उद्घघाटन किया गया। यह पानी प्याऊ मदनलाल अग्रवाल नावापारा वाले की स्मृति में इनके परिजनों द्वारा दिया गया है, जिसका संचालन मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया जाएगा। रेलवे फाटक घंटो बंद रहने से सैकड़ो लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता मारवाड़ी युवा मंच को महसूस हुई इसलिए तत्काल पानी प्याऊ प्रारंभ करवाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक गिरधर गुप्ता, सुशील डिंपल, जगदीश मित्तल, प्रहलाद बंसल, अध्यक्ष शुभम गर्ग, सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, आलोक कबूलपुरिया, प्रमोद अग्रवाल, आशीष पिलानिया, प्रिंस अग्रवाल, रास बिहारी गुप्ता, मनोज अग्रवाल, तरुण अग्रवाल व पालू गौंटिया मौजूद रहे।

## दोहरे आदेश से असमंजस में शिक्षक व अभिभावक

# 10 दिन पहले दिया ग्रीष्मकालीन अवकाश अब समर कैंप आयोजित करने आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भीषण गर्मी को देखते हुए समय से पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए आदेश जारी कर दिए गए, किंतु इसी बीच शासन ने समर कैंप लगाने का भी आदेश जारी किया। हालांकि इस आदेश के तहत पालन अपने बच्चों को समर कैंप में भेजने के लिए स्वतंत्र हैं। किंतु इस आदेश के बाद शिक्षकों और अभिभावकों में असमंजस की स्थिति देखने को मिल रही है।




समर कैंप को लेकर शासन से आदेश प्राप्त हुआ है। शासन के आदेशानुसार ही सभी विद्यालयों को समर कैंप के आयोजन को लेकर निर्देशित किया गया है।
**केव्ही राव**
जिला शिक्षा अधिकारी

अहम बात यह है कि वर्तमान में कुछ दिनों तो छोड़ दिया जाए तो जिले सहित पूरे राज्य में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। जिसे देखते हुए ही करीब 10 दिन पहले ही शासन ने इस आदेश जारी करते हुए 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की घोषणा की थी। किंतु इसी बीच 25 अप्रैल को ही स्कूल शिक्षा विभाग का एक और आदेश समर कैंप के आयोजन को लेकर आया। जिसमें मई माह में पखवाड़े भर तक बच्चों को विभिन्न प्रकार के रचनात्मक गतिविधियों सहित खेल कूद का आयोजन करने की बात कही गई है। हालांकि समर कैंप का आयोजन और कैंप में इन गतिविधियों के संचालन को स्वैच्छिक रखा गया है। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग बच्चों के अवकाश तथा समर कैंप को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। यही वजह है कि स्कूलों के प्राचार्य से लेकर डीईओ व बीईओ समर कैंप लगाने में कतरा रहे हैं।

दरअसल, तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए ही हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर आदेश जारी किया था। इससे पहले स्कूलों के संचालन प्रथम पाली में करने की बात भी सामने आई। पुनः स्कूल शिक्षा विभाग ने समर कैंप आयोजित करने का आदेश जारी किया है। ताकि वह गर्मी की छुट्टियों के दौरान रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेकर पढ़ाई, चित्रकला, म्यूजिक, लेखन, खेलकूद जैसी गतिविधियों के जरिए अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकें। इससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास हो।

करीब 10 दिन के भीतर ही इन दोहरे आदेशों को देखकर लगता है कि स्कूल शिक्षा विभाग यह तय नहीं कर पा रहा है कि ग्रीष्मकाल में विद्यार्थियों की छुट्टी की जाए कि उन्हें रचनामात्मक गतिविधियों का पाठ पढ़ाने स्कूल बुलाया जाए।

### कही 1 तो कहीं 2 हजार ले रहे फीस

शासन के समर कैंप आयोजित कराने के आदेश के बाद से कई निजी स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को संपर्क कर अपने बच्चों को समर कैंप में भेजने की बात भी कह रहे हैं, इसके लिए कुछ स्कूलों में 1 हजार तो कुछ ने 2 हजार रूपए का भी शुल्क निर्धारित किया है। इसके साथ ही दाखिले के दौरान यूनिफार्म व किताबों के नाम भी शुल्क का निर्धारण कर दिया गया है। समर कैंप के साथ ही जोरशोर से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

### पालकों पर छोड़ा फैसला

अहम बात यह है कि समर कैंप के आयोजन को लेकर जारी किए गए इस आदेश में समर कैंप में अपने बच्चों को स्कूल भेजने का फैसला पालकों पर छोड़ दिया है। आदेश में यह भी स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को समर कैंप में भेजने या नहीं भेजने का निर्णय पालकों का होगा। आदेश में बजट को लेकर भी कहा गया है कि विद्यालयों का समर कैंप के लिए स्कूलों को अलग से कोई भी बजट नहीं दिया जाएगा।

### मुख्य डाकघर के लिपिक द्वारा जमा राशि का गबन

**चांपा।** स्थानीय मुख्य डाकघर में पदस्थ एक लिपिक द्वारा डाकघर अभिकर्ताओं एवं जमाकर्ताओं द्वारा अपने बचत खातों में जमा कराई गई लाखों रूपए की राशि का गबन किये जाने का मामला सामने आया है। फिलहाल उक्त आरोपी लिपिक सक्ती डाकघर में कार्यरत बताया जा रहा है। मामले में अतिरिक्त डाक अधीक्षक कोरबा द्वारा चांपा आकर पिछले दो दिनों से जांच की जा रही है। बताया जाता है कि स्थानीय मुख्य डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में डाकघर अभिकर्ताओं एवं जमाकर्ताओं द्वारा बचत खातों में राशि जमा कराई जाती है। डाकघर की जमा का ब्याज अन्य शासकीय बैंकों की तुलना में ज्यादा होने से लोगों का रूझान यहां की योजनाओं में राशि जमा कराने का रहता है। ऐसे में लोग स्वयं अथवा अपने अभिकर्ताओं के माध्यम से डाकघर में राशि जमा कराते हैं। बताया जाता है कि स्थानीय डाकघर में लिपिक मुकेश कुमार शर्मा द्वारा गत माह अभिकर्ताओं तथा जमाकर्ताओं से बचत खातों में जमा करने राशि प्राप्त कर उसे संबंधित खातों में जमा नहीं किया गया।

## विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण के लिए समय सीमा निर्धारित

**रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। वर्तमान में अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का ऑनलाईन भुगतान वर्ष में एक बार जनवरी से मार्च के मध्य किया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2025-26 में नवीनीकरण एवं नवीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित किया गया है। जिसमें नवीनीकरण हेतु आवेदन की तिथि 31 मई 31 अगस्त तक एवं 30 नवम्बर तक निर्धारित है। इसी तरह नवीन हेतु 31 अगस्त तक, 30 सितम्बर तथा 30 नवम्बर तक निर्धारित है। वर्ष 2025-26 में प्राप्त नवीनीकरण एवं नवीन आवेदनों का परीक्षण समयावधि में भुगतान तिथि पूर्व सक्षम अधिकारी द्वारा कर छात्रवृत्ति का समस्त भुगतान माह दिसम्बर तक पूर्ण किया जाना है। इसके पश्चात विशेष प्रकरणों मंत ही जैसे परीक्षा परिणाम में विलंब, आवेदन तथा संलग्न दस्तावेजों में त्रुटि आदि के अंतर्गत प्राप्त होने वाले लंबित आवेदनों का भुगतान आगामी दो माह में किया जाएगा। अतएव वर्ष 2024-25 के छात्रवृत्ति लंबित प्रकरणों का निराकरण 7 मई तक अनिवार्य रूप से कराया जाकर निर्धारित समयावधि में छात्रवृत्ति का वितरण किया जा सके।

# 120 दिन में 106 बाइक की चोरी, शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते करीब 120 दिनों के भीतर जिले में 106 मोटरसाइकिल व स्कूटी की चोरियां हुई है। ऐसे में औसतन एक दिन में करीब 1 वाहन चोरी होता है। शहरी क्षेत्र में यह चोरियां अधिक हुई हैं, ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि चोर गिरोह लगातार शहरी क्षेत्रों में ही सक्रिय है और वाहनों की चोरी को अंजाम दे रहा है। गौरतलब है कि शहरी क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के लिए हॉटस्पॉट जगहों की बात करें तो संजय काम्प्लेक्स, इतवारी बाजार और रेलवे स्टेशन हैं। जहां से अधिकतर मोटरसाइकिल व स्कूटी की चोरी की वारदात होती है। आंकड़ों पर नजर डाले तो हर दिन जिले में करीब 50 फीसदी थानों में मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी की कम से कम 1 एफआईआर दर्ज होती ही है। थानों में दर्ज एफआईआर से ही पता चलता है कि ग्रामीण इलाकों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी के अधिक मामले सामने आते हैं। यानी माह में जितने मामले जिले के होते हैं, उसमें करीब 50 फीसदी मामले कोतवाली, जूटमिल व चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के होते हैं। उसमें भी कोतवाली थान क्षेत्र मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पहले नंबर पर है। अधिकतर मामले में देखा गया है कि चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग गांजा व शराब की तस्करी के लिए उपयोग होता है।

**खास बात**

- सक्रिय है गिरोह, आधे से अधिक मामलों में आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर



### एक माह में 15 से 30 मामले दर्ज

आंकड़ों पर नजर डाले तो पता चलता है कि मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में लगातार इजाफा हो रहा है। हर माह औसतन 15 से 30 मामले मोटरसाइकिल चोरी के ही होते हैं। हालांकि पुलिस इन मामलों में अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल करती है, किंतु लगातार कार्रवाईयों के बाद भी इन मामले पर लगाम नहीं लग पा रहा है।

### इन मामलों में इतनी चोरी दर्ज

आंकड़ों पर नजर डाले तो जिले में जनवरी माह में 6 थानों में 36 मामले, फरवरी माह में 6 थानों में 17 मामले, मार्च माह में 8 थानों में 16 मामले और अप्रैल माह में 9 थानों में 37 मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी के मामले दर्ज किए गए।

### फैक्ट फाइल

| जनवरी माह | | फरवरी माह | |
|---|---|---|---|
| थाना | मामले | थाना | मामले |
| कोतवाली | 17 | कोतवाली | 07 |
| चक्रधरनगर | 10 | चक्रधरनगर | 04 |
| कोतरा रोड | 03 | तमनार | 03 |
| जूटमिल | 03 | जूटमिल | 01 |
| खरसिया | 01 | लैलूंगा | 01 |
| तमनार | 02 | धरमजयगढ़ | 01 |
| **मार्च माह** | | **अप्रैल माह** | |
| थाना | मामले | थाना | मामले |
| कोतवाली | 08 | कोतवाली | 14 |
| चक्रधरनगर | 03 | चक्रधरनगर | 03 |
| पूंजीपथरा | 01 | कोतरा रोड | 02 |
| जूटमिल | 01 | जूटमिल | 05 |
| खरसिया | 02 | पुसौर | 02 |
| कापू | 01 | धरमजयगढ | 01 |
| पुसौर | 02 | पूंजीपथरा | 04 |
| तमनार | 01 | खरसिया | 03 |
| | | घरघोड़ा | 03 |

# राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए प्राथमिकता से निराकरण करें।



कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू.अर्जन जैसे विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अविवादित नामांतरण, बटवारा के संबंध में कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा के बाहर नहीं जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सीमांकन की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन से पूर्व मूल खसरे का रकबा एवं नंबर का अवश्य अवलोकन करें। उन्होंने नक्शा बटांकन की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रगति बेहतर करने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ई.कोर्ट के लंबित प्रकरणों, डायवर्सन वसूली, त्रुटि सुधार, ऑनलाइन पंजीयन पर नामांतरण, स्वामित्व योजना जिओ रिफ्रेसिंग की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू.अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती के साथ मुआवजा वितरण के कार्य को प्राथमिकता से करें। उन्होंने केलो परियोजना कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति बेहतर होनी चाहिएए किसी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल सूचित करें। इस दौरान उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जितने निर्माण कार्य हो रहे सभी प्राथमिकता से पूर्ण होने चाहिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन एवं केसीसी निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने जन्म प्रमाण.पत्र के अनुपलब्धता पर आवश्यक विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए जाति प्रमाण.पत्र बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीएम जनदर्शनए कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल के लंबित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय.सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निराकरण के निर्देश दिए।

## गरीबों के राशन को डकारने वालों पर कार्रवाई जायज : टीकाराम

**धरमजयगढ़।** पीडीएस संचालकों पर इन दिनों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खाद्य अधिकारी द्वारा लगातार की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही को बिलकुल जायज ठहराते हुए प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कहा कि स्वयं दुकान संचालक राशन का अफरा तफरी करने के बाद भाजपा शासन को बदनाम करने के लिए जनता को कह रहें हैं कि भाजपा शासन में राशन की कटौती की जा रही है। ऐसे बदनाम करने वाले दुकान संचालकों पर कार्यवाही जायज है।पटेल ने आगे कहा कि जब हम विपक्ष में थे तो तत्कालीन सत्ताधारियों ने अपने चहेतों को दुकान संचालक बना दिया था।और भाजपा विचार धारा के लोगों को दुकान छोड़ने या पार्टी बदलने कहा था। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा की कुछ लोग अपने आप को बचाने के लिए अभी भी दल बदल का दिखावा कर रहे हैं अगर वे गलत हैं तो उन पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। आज भी कई ग्राम पंचायत के लोगों को बराबर राशन नहीं मिल रहा है और वे त्रस्त हैं। पहले के अधिकारियों ने अपने चहेतों को कई कई दुकान दे कर भारी भ्रष्टाचार किया है।

# भगवान परशुराम की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सर्व ब्राह्मण समाज सरिया क्षेत्र के द्वारा शुक्रवार की शाम 7 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा नगर पंचायत के सांस्कृतिक भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग, महात्मा गांधी चौक, जगन्नाथ मंदिर पारा, हनुमान मंदिर पारा होते हुए बढाई पारा भगवान श्री रामलला मंदिर पहुंची और यहां भगवान श्री रामलला की पूजा अर्चना कर पुनः नगर पंचायत सरिया परिसर पहुंचकर समाप्त किया गया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज ने कहा कि यह यात्रा केवल परंपरा का उत्सव नहीं। यह जागृत सनातन चेतना की पदयात्रा है। समाज ने कहा कि भगवान परशुराम का संदेश केवल अस्त्र धारण बनने का नहीं बल्कि आत्म बल और धर्मबल से अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व ब्राह्मण सभा के सभी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। भगवान परशुराम की सजीव झांकी के साथ क्षेत्र के दिग्गज लोगों ने शिरकत की। नगर भ्रमण के दौरान भक्तों ने भगवान परशुराम की सजीव अलौकिक झांकी का भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में भगवान परशुराम की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सर्व ब्राह्मण समाज ने कहा कि परशुराम सृष्टि के प्रथम राम हैं। उन्होंने गौ रक्षा के लिए दुष्टों का वध किया था। तथा परशुराम त्याग और तपस्या के प्रतीक हैं। परशुराम जयंती के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज सरिया के द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस बार के शोभा यात्रा में सरिया क्षेत्र के साथ-साथ बरमकेला क्षेत्र व पुसौर क्षेत्र के भी ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और सामाजिक सम रसता के साथ समाज के विकास में हर संभव कार्य करने का संकल्प लिया गया।




### सम्मान समारोह किया गया आयोजन

शोभायात्रा के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विप्र समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने कहां की आज हर समाज अपना सामाजिक उत्थान चाहता है मित्र समाज भी एकता के सूत्र में बंध कर सामाजिक विकास के कार्य में बल देंगे। उन्होंने सरिया में विप्र समाज के भवन के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास हेतु हम सब मिलकर कार्य करेंगे। सर्व ब्राह्मण समाज के सम्मान समारोह अवसर पर समाज के प्रतिभावान डॉक्टर ऋषभ शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया एवं डॉक्टर सुश्री जयश्री नायक ग्राम बार का भी सम्मान समारोह में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेयए नगर पंचायत अध्यक्ष सरिया कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष पुसौर मानी मोहित सतपथी, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष तारा शर्मा, कीर्तन सूपकार, ब्राह्मण समाज बरमकेला, मोहित सतपथी पुसौर, नंदकिशोर विश्वाल, गजाधर दास, ब्राह्मण समाज सरिया के अध्यक्ष पवित्र मोहन पाणिग्राही सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के गणमान्य नागरिक, नारी शक्ति उपस्थित थे।

### दुर्घटना प्रकरण में 1 करोड़ से अधिक का अवार्ड पारित

**सक्ती।** मृत्यु दुर्घटना दावा प्रकरण में प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी प्रशांत शिवहरे ने एक करोड़ 58 लाख से अधिक रुपए का अवार्ड पारित किया है। जानकारी के मुताबिक 28 अगस्त को हरिकीर्तन राठौर वाहन बस क्रमांक सी.जी. 19 एफ. 0972 से धमतरी से अपने कार्यालय कांकेर जा रहा था,तभी सुबह 10 बजे एन.एच. 30 ग्राम मरकाटोला घाटी में उक्त बस को उसके चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सामने से जा रही ट्रक क्रमांक ए.पी. 21 टी.जेड. 5579 को ठोकर मारकर दुर्घटना कारित किया। उक्त दुर्घटना में बस में सवार हरिकीर्तन राठौर को गम्भीर चोट आने से उन्हें धमतरी हास्पिटल इलाज हेतु ले जाया गया।







